# E-Newsletter

## Monthly Publication

## Month : April 2022

## Nagar Nigam Shahjahanpur

## स्वच्छ शाहजहाँपुर, सुन्दर शाहजहाँपुर

Address- town hall shahjahanpur
website- nagarnigamshahjahanpur.in
E-mail id-nagarnigamshahjahanpur.@gmail .com
Phone no.-05842-225437,7355003882
Toll free no- 18001800101, 1533

संरक्षक

श्री उमेश प्रताप सिंह (IAS)
जिलाधिकारी / प्रशासक

श्री संतोष कुमार शर्मा (IAS)
नगर आयुक्त

सम्पादक मण्डल

श्री एस0 के0 सिंह
(प्रधान सम्पादक)
अपर नगर आयुक्त
श्रीमती रश्मि भारती
सहायक नगर आयुक्त
श्री अंगद गुप्ता
सहायक नगर आयुक्त
श्री मधुसूदन लाल आर्य
सहायक नगर आयुक्त
श्रीमती आरती सिंह
मुख्य कर निर्धारण अधिकारी
श्री आशीष त्रिवेदी
(अधिशासी अभियन्ता)
श्री चन्द्र प्रकाश मौर्या
(लेखाधिकारी)
डॉ0 अशोक कुमार
नगर स्वास्थ्य अधिकारी

सहयोग

सुश्री भावना शुक्ला
(लिपिक)

शिवांशु मणि त्रिपाठी
(कार्यवाहक आई टी एक्सपर्ट)

# मासिक ई–न्यूजलेटर

## ***इन्डेक्स***


- प्रतिदिन प्रातः 05 बजे से 08 बजे तक सफाई अभियान

- 01 अप्रैल को अप्रैल फूल न मनाकर मनाया गया ''अप्रैल कूल'', नगर आयुक्त द्वारा किया गया वृक्षारोपण।

- स्वच्छता जागरूकता हेतु नागरिकों को प्रोत्साहित करने हेतु साईकिल रैली, जिसमें नगर आयुक्त द्वारा प्रतिभाग कर दिया स्वच्छता का संदेश

- विकास कार्यो का निरीक्षण

- नगर आयुक्त के निर्देश पर अवैध रूप से कर रखे अतिक्रमण पर चला बुल्डोजर

- नगर आयुक्त के निर्देश पर नगर निगम कार्यालय में चला सफाई अभियान

- कान्हा गौशाला व नन्दी शाला का निरीक्षण

- आई0टी0एम0एस0 के इन्टेलिजेन्ट कण्ट्रोल एण्ड कमांड सेन्टर का निरीक्षण

- विश्व पुस्तक दिवस पर नगर आयुक्त द्वारा एम0आर0एफ0 संेटर में कचरा बीनने वाले( रैग पीकर्स) बच्चों को भेंट की गई पुस्तकें

- पी0एम0 स्वनिधि योजनान्तर्गत आयोजित समृद्धि मेगा कैम्प में नगर आयुक्त द्वारा पथ विक्रेताओं को डिजिटल लेन–देन हेतु किया जागरूक।

## प्रातः 05 से 08 सफाई अभियान

माननीय मंत्री जी नगर विकास के निर्देशों के अनुपालन में नगर आयुक्त व टीम नगर निगम द्वारा दिनांक 01.04.2022 से 30.04.2022 तक प्रातः 05 बजे से 08 बजे तक नगर क्षेत्र में स्थित वार्डों का भ्रमण कर स्वच्छता मित्रों द्वारा किये जा रहे सफाई के कार्य का किया गया स्थलीय निरीक्षण।

















## 01 अप्रैल को अप्रैल फूल न मनाकर मनाया गया ''अप्रैल कूल'', नगर आयुक्त द्वारा किया गया वृक्षारोपण।





"वृक्ष धरा का भूषण, दूर करे प्रदूषण"

नगर आयुक्त द्वारा एक अनोखी पहल, नगर को एक अच्छा वातावरण देने के लिये 01 अप्रैल को अप्रैल फूल न मनाकर, मनाया गया अप्रैल कूल, जिसके अर्न्तगत नगर क्षेत्र के न्यू सिटी ककरा में बने जैव विविधता पार्क में वृहद स्तर पर किया गया वृाक्षरोपण।

## स्वच्छता जागरूकता हेतु नागरिकों को प्रोत्साहित करने हेतु साईकिल रैली, जिसमें नगर आयुक्त द्वारा प्रतिभाग कर दिया स्वच्छता का संदेश



महानगर में स्वच्छ वातावरण बनाने, स्वच्छता हेतु नागरिकों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से महानगर के साईकिल राईडिंग क्लब एवं मॉर्निंग वकर्स ऐसोसिऐशन के साथ दिनांक 03 अप्रैल 2022 को किया गया साईकिल रैली का आयोजन, नगर आयुक्त द्वारा प्रतिभाग कर दिया स्वच्छता का संदेश



## विकास कार्यो का निरीक्षण



30 April



04 April



08 April



06 April

नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर क्षेत्र के न्यू सिटी ककरा में स्थित ई–बस चार्जिंग स्टेशन, निर्माणाधीन नगर निगम कार्यालय, सुभाष नगर में निर्माणाधीन स्मार्ट रोड, अंटा चौराहा स्थित निर्माणाधीन ऑडिटोरियम, हनुमत धाम स्थित निर्माणाधीन मल्टीलेवल कार पार्किंग व अन्य क्षेत्रों का किया गया स्थलीय निरीक्षण।



08 April

## नगर आयुक्त के निर्देश पर अवैध रूप से कर रखे अतिक्रमण पर चला बुल्डोजर

नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा जी के निर्देश पर दिनांक 04.04.2022 को सहायक नगर आयुक्त अंगद गुप्ता द्वारा प्रर्वतन दल की टीम के साथ चिनौर क्षेत्र में नगर निगम की भूमि पर अवैध रुप से कर रखे अतिक्रमण को हटवाया गया। नगर आयुक्त द्वारा सभी नगरवासियों से अपील की गई कि जिन लोगों द्वारा नगर क्षेत्र में नगर निगम की भूमि पर अवैध रुप से अतिक्रमण कर रखा हो वह स्वंय हटा लें, अन्यथा की स्थिति में नगर निगम, प्रशासन द्वारा कार्यवाही कर अवैध अतिक्रमण हटा दिया जायेगा।







## नगर आयुक्त के निर्देश पर नगर निगम कार्यालय में चला सफाई अभियान

नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा जी द्वारा अपर नगर आयुक्त एस0के0 सिंह के साथ नगर निगम कार्यालय के सभी विभागों–कन्ट्रोल रुम, एकल खिड़की, रिकार्ड रुम (पुराना), रिकार्ड रुम फार्म, जन–सूचना अधिकार से सम्बन्धित पटल, मेन हॉल, लेखा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जलकल विभाग, निर्माण विभागों से सम्बन्धित पटलों, पटलों पर किये जाने वाले कार्यो एवं अभिलेखों के सम्बन्ध में का दिनांक 04.04.2022 को प्रातः 10:30 बजे औचक निरीक्षण किया गया।










## कान्हा गौशाला व नन्दी शाला का निरीक्षण





नगर आयुक्त सन्तोष कुमार शर्मा जी द्वारा दिनांक 24.04.2022 को प्रातः कालीन नगर क्षेत्र के पुवाया रोड पर सिंचाई विभाग स्थित नंदीशाला का औचक निरीक्षण कर नंदीशाला में विशेष रुप से सफाई व्यवस्था, शुद्ध पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, हरा चारा, भूसा व चोकर की व्यवस्था का लिया गया जायजा।

# आई0टी0एम0एस0 के इन्टेलिजेन्ट कण्ट्रोल एण्ड कमांड सेन्टर का निरीक्षण





राज्य स्मार्ट सिटी योजनान्तर्गत शाहजहाँपुर में स्वीकृत परियोजना इंटेलीजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आई0टी0एम0एस0) के इंटेलीजेन्ट कंट्रोल एंड कमांड सेंटर का दिनांक 28.04.2022 को जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं नगर आयुक्त द्वारा संयुक्त निरीक्षण किया गया। कंट्रोल एंड कमांड सेंटर पर उपस्थित कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर मनोज कौशिक द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त परियोजनान्तर्गत समस्त कार्य एमनेक्स इन्फोटेक्नोलॉजीस प्रा0लि0 द्वारा कराया जा रहा है। उक्त परियोजनान्तर्गत नगर के 13 जंक्शन (चौराहों/तिराहों) पर ट्रैफिक सिग्नल स्थापित किये गये है। 1–मेजबान तिराहा, 2–केरूगंज तिराहा, 3–पुत्तूलाल चौराहा, 4–सुभाश (हथौड़ा) चौराहा, 5–अंटा चौराहा, 6–लाल इमली चौराहा, 7–खिरनीबाग (रामलीला) चौराहा, 8–महिला थाना चौराहा, 9–बरेली मोड़ चौराहा, 10–हरदोई रोड चौराहा, 11–गर्रा फाटक तिराहा, 12–घंटाघर चौराहा व 13–कवि तिराहा। उक्त 13 जंक्शन पर एडैप्टिव ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम (ए0टी0सी0एस0), रेड लाइट वायलेशन डिटेक्शन (आर0एल0वी0डी0), आटोमैटिक नम्बर प्लेट रिकॉग्निशन एवं पब्लिक एड्रेस (पी0ए0) सिस्टम स्थापित कर दिया गया है।


# विश्व पुस्तक दिवस पर नगर आयुक्त द्वारा एम0आर0एफ0 सेंटर में कचरा बीनने वाले (रैग पीकर्स) बच्चों को भेंट की गई पुस्तकें

विश्व पुस्तक दिवस के अवसर पर दिनांक 23.04.2022 को नगर आयुक्त, नगर निगम, शाहजहाँपुर द्वारा ककरा में बने एम0आर0एफ0 सेन्टर पर कचरा बीनने वाले (रैग पिकर्स) बच्चों को पुस्तकें भेंट की गई। नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा जी द्वारा मैटेरियल रिकवरी फैसेलिटी सेन्टर के आसपास कचरा बीनने वाले बच्चों को पढ़ने हेतु प्रेरित करने व जीविकोपार्जन के चलते संसाधनों के अभाव में पढ़ाई से वंचित रह जाने वाले बच्चें को निःशुल्क बुक बैंक के माध्यम से उपलब्ध कराई, ताकि कम उम्र में आर्थिक तंगी की वजह से किसी बच्चें की पढ़ाई बन्द न हों। नगर आयुक्त महोदय श्री संतोष कुमार शर्मा जी की विश्व पुस्तक दिवस के उपलक्ष्य में यह अभिनव पहल व सराहनीय प्रयास है।









# पी0एम0 स्वनिधि योजनान्तर्गत आयोजित समृद्धि मेगा कैम्प में नगर आयुक्त द्वारा पथ विक्रेताओं को डिजिटल लेन–देन हेतु किया जागरूक।







नगर निगम शाहजहांपुर एवं डूडा के तत्वाधान में गांधी भवन प्रेक्षागृह में पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत स्वनिधि से समृद्धि मेगा कैंप का आयोजन किया गया। नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा जी द्वारा मेगा कैंप का दिनांक 30.04.2022 को निरीक्षण कर कैंप के माध्यम से होने वाले कार्यों की जानकारी ली गई। इस अवसर पर नगर आयुक्त द्वारा पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने वाले पथ विक्रेताओं को डिजिटल लेनदेन के लिए जागरूक किया गया एवं पथ विक्रेताओं को क्यू0आर0 कोड उपलब्ध कराए गए। साथ ही डिजिटल लेनदेन करने से होने वाले लाभों के बारे में भी अवगत कराया गया। इस मौके पर परियोजना अधिकारी डूडा अतुल कुमार पाठक एवं अन्य अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।